# सरकारी इमारतों पर स्क्रीन से हो रहा उम्मीदवारों का प्रचार

## भाजपा ने तृणमूल पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

कोलकाता, 22 मार्च (भाषा)।

भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर आचार संहिता लागू होने के बावजूद भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ प्रचार करने के लिए सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। बर्दवान दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल उम्मीदवार खोकन दास के चुनाव प्रचार को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि बर्दवान शहर के महत्त्वपूर्ण इलाकों में सरकारी इमारतों की छतों पर लगी विशाल स्क्रीनों पर तृणमूल उम्मीदवार का प्रचार किया जा रहा है। विशेष रूप से, यह आरोप लगाया गया है कि करजन गेट के घनी आबादी वाले इलाके के सामने स्थित नगर निगम शौचालय भवन की छत पर लगी स्क्रीन पर खोकन के नाम से प्रचार किया जा रहा है। भाजपा उम्मीदवार मौमिता बिस्वास मिश्रा का दावा है कि चुनाव आयोग की आचार संहिता लागू होने के बावजूद, इस तरह का सार्वजनिक प्रचार पूरी तरह से गैरकानूनी है। इस घटना की प्रशासन को जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल के उम्मीदवार का प्रचार न केवल कर्जन गेट क्षेत्र में, बल्कि शहर के बिरहाटा चौराहे और बरनीलपुर चौराहे पर भी विशाल स्क्रीनों पर किया जा रहा है।

> *बर्दवान* दक्षिण विस क्षेत्र में तृणमूल उम्मीदवार खोकन दास के चुनाव प्रचार को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा उम्मीदवार मौमिता बिस्वास मिश्रा का दावा है कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद, इस तरह का सार्वजनिक प्रचार पूरी तरह से गैरकानूनी है।

इसके साथ ही, भाजपा का दावा है कि बीएसएनएल भवन की दीवार पर लगा राज्य सरकार का प्रचार बोर्ड भी आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है।

भाजपा उम्मीदवार का यह भी कहना है कि इसके खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट श्वेता अग्रवाल ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यदि कानून के उल्लंघन के सबूत मिलते हैं, तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बिधाननगर विस से भाजपा उम्मीदवार ने मछली लेकर प्रचार किया

कोलकाता, 22 मार्च (भाषा)।

भाजपा के एक उम्मीदवार ने रविवार को मछली साथ में लेकर अपना प्रचार किया, जो बंगाली आहार का एक नियमित हिस्सा है। उनका मकसद राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के इस दावे का खंडन करना था कि पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा देगी।

बिधाननगर सीट से उम्मीदवार शरदवत मुखोपाध्याय का अनोखा प्रचार अभियान सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

> *बिधाननगर* से भाजपा उम्मीदवार शरदवत मुखोपाध्याय का मकसद राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के इस दावे का खंडन करना था कि पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा देगी।

वह बिधाननगर में मतदाताओं से बातचीत के दौरान एक बड़ी 'कतला' मछली लिए दिखे। मुखोपाध्याय ने तृणमूल के दावे को दुष्प्रचार कहकर खारिज किया।

उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ झूठ फैलाया जा रहा है। हम अपनी पसंद के अनुसार मछली, मटन और चिकन खाएंगे। मैं आज यह मछली लेकर आया हूं, जो बंगाली शादी के दिन दुल्हन के घर से दूल्हे के घर उपहार के रूप में भेजी जाती है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कई तृणमूल नेता लगातार आरोप लगाते रहे हैं कि भाजपा सत्ता में आने पर बंगाल की आहार संस्कृति में दखलंदाजी करने का इरादा रखती है।

वे बिहार और गुजरात जैसे राजग शासित कुछ राज्यों में, विशेष रूप से कुछ त्योहारों के दौरान, मछली और मांस की बिक्री को लेकर गई कार्रवाई का हवाला देते हैं। हालांकि, भाजपा ने इस तरह के किसी भी इरादे से इनकार किया है।

प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार समेत पार्टी के नेताओं ने जोर देकर कहा है कि मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगाने की कोई योजना नहीं है और लोगों के खान-पान विकल्पों में कोई दखल नहीं दिया जाएगा।

## कोलकाता विश्वविद्यालय में पांच साल में 50 हजार से अधिक विद्यार्थी घटे

कोलकाता, 22 मार्च (जनसत्ता)।

पांच साल के दौरान कोलकाता विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त 142 साधारण डिग्री कालेजों में पढ़ने वालों की संख्या में 50 हजार से अधिक की कमी देखी जा रही है। वैश्विक महामारी से पहले 2021-22 के लिए कुल मिलाकर एक लाख 32 हजार छात्र - छात्राओं ने पंजीकरण किया था। जबकि इस शैक्षणिक सत्र के लिए प्रथम सेमेस्टर के लिए सिर्फ 76 हजार ने पंजीकरण करवाया है। इस तरह 56 हजार की कमी देखी जा रही है।

हालांकि हर साल बारहवीं कक्षा के उच्च माध्यमिक के 6 से लेकर साढ़े छह लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा देते हैं। इसमें करीब 90 फीसद पास होते हैं। इसके अलावा सीबीएसई और आइएससी के भी अच्छे-खासे विद्यार्थी पास होते हैं। कोलकाता विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 में 1,32,389 का पंजीकरण हुआ था। इसके पहले साल (2022-23) में 1,35,482, (2023-24) में 1,08,118, (2024-25) में 92,586 और (2025-25) के लिए 76,312 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था।

> *कोलकाता* विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त 142 साधारण डिग्री कालेजों में पढ़ने वालों की संख्या में 50 हजार से अधिक की कमी देखी जा रही है। महामारी से पहले 2021-22 के लिए एक लाख 32 हजार छात्र - छात्राओं ने पंजीकरण किया था।

कोलकाता विश्वविद्यालय के उपकुलपति आशुतोष घोष का कहना है कि बीते कुछ सालों से बारहवीं पास करके कमर्शियल कोर्स करने के रुझान में वृद्धि हुई है। छात्र-छात्राएं सरकारी व सरकार सहायता प्राप्त कालेजों के बजाए प्राइवेट विश्वविद्यालय, कालेज में दाखिला ले रहे हैं।

एक हिस्सा विदेश पढ़ाई करने के लिए भी चला जाता है। खास तौर पर विज्ञान के छात्र-छात्राएं कंप्यूटर साइंस, तकनीकी शिक्षा, साइबर क्राइम, डाटा साइंस और नर्सिंग जैसे पाठ्यक्रम का चुनाव कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह रुझान सिर्फ पश्चिम बंगाल या कोलकाता ही नहीं देश भर में चल रहा है।



जल दिवस नदिया में नल से पानी पीता हुआ लड़का।

## 'मजदूरी में वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखना चाहिए'

कोलकाता, 22 मार्च (भाषा)।

अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 300 रुपए करने के चुनावी वादे पर उद्योग जगत के हितधारकों ने सतर्क प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मजदूरी में किसी भी संशोधन के लिए इस क्षेत्र की नाजुक वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखना चाहिए और नियोक्ताओं, ट्रेड यूनियनों तथा सरकार को शामिल करने वाली स्थापित परामर्श प्रक्रिया का पालन करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी घोषणापत्र में सत्तारूढ़ तृणमूल ने चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 250 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए करने का संकल्प लिया है। पार्टी ने कहा कि वह हरी चाय की पत्तियों पर कृषि आयकर की छूट को 2027 तक बढ़ाएगी और बागान श्रमिकों के लिए 'चा सुंदरी' आवास योजना जैसी कल्याणकारी पहल जारी रखेगी।

हालांकि, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों का कहना है कि चाय क्षेत्र में वेतन निर्धारण पारंपरिक रूप से तय बातचीत प्रक्रिया के माध्यम से होता है। भारतीय चाय संघ (टीएआइ) के महासचिव पी के भट्टाचार्य ने कहा कि उत्तर बंगाल में मजदूरी तंत्र एक बहु-हितधारक मंच के माध्यम से निर्धारित किया जाता है।

**साक्षात्कार** पुनरीक्षण को लेकर तृणमूल सासंद सागरिका घोष ने कहा

## प्रक्रिया ने सत्ता विरोधी लहर को खत्म कर दिया

कोलकाता, 22 मार्च (भाषा)।



> *राज्यसभा* सांसद सागरिका घोष ने कहा कि वे घुसपैठिए कहां हैं, जिनकी बात भाजपा बार-बार करती थी? घोष ने कहा कि तृणमूल प्रमुख के जमीनी जुड़ाव और उनके शासन रिकार्ड पर लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगा, जिसे मीडिया में पर्याप्त महत्व नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वह 24 घंटे जनता से जुड़ी रहने वाली नेता हैं।

तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थानीय स्तर पर जो सत्ता-विरोधी लहर थी, वह विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के प्रभाव से काफी हद तक दब गई है, जिससे आगामी विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट रूप से भाजपा से बेहतर है। पत्रकार से नेता बनी घोष को चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस का स्टार प्रचारक बनाया गया है।

सागरिका घोष ने कहा कि नेता के रूप में ममता बनर्जी के खिलाफ उनके समर्थकों में कोई असंतोष नहीं है। उन्होंने कहा कि असंतोष कुछ स्थानीय नेताओं के खिलाफ हो सकता है, जिन्हें इस बार टिकट नहीं दिया गया। ममता बनर्जी ने 17 मार्च को जारी 291 उम्मीदवारों की सूची में 74 मौजूदा विधायकों के टिकट काट दिए हैं जो सत्ता विरोधी लहर को खत्म करने के लिए पार्टी की एक सोची-समझी रणनीति का संकेत है। घोष ने कहा कि भाजपा का एजंडा पुनरीक्षण प्रक्रिया का इस्तेमाल कर ममता को हराने और किसी भी तरह बंगाल पर कब्जा करने का था, क्योंकि वह पिछले 15 वर्षों से लगातार भाजपा को हराती रही हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन यह कदम उल्टा पड़ गया और तृणमूल को फायदा मिला। अगर कहीं स्थानीय स्तर पर सत्ता-विरोधी लहर थी भी, तो वह पुनरीक्षण के कारण पूरी तरह दब गई। यह भाजपा की बड़ी गलती थी। वे जितने नाम हटाना चाहें, हटा लें, हम फिर भी जीतेंगे।तृणमूल सांसद ने कहा कि जल्दबाजी में लागू विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया ने राज्य में भाजपा के खिलाफ माहौल बना दिया है।

पुनरीक्षण ने आम लोगों के साथ ही नोबेल पुरस्कार विजेता अमत्र्य सेन, पूर्व मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, मंत्री शशि पांजा और क्रिकेटर ऋचा घोष जैसे लोगों की नागरिकता पर भी सवाल खड़े किए।

### ओड़ीशा में आग का मामला

## अस्पतालों में अग्निशमन उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश

भुवनेश्वर, 22 मार्च (भाषा)।

ओड़ीशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने रविवार को संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन उपकरण चालू हालत में हों।

मंत्री का यह निर्देश 16 मार्च को कटक के एससीबी मेडिकल कालेज और अस्पताल के 'ट्रामा केयर आइसीयू' में आग की घटना के बाद आया है, जिसमें 12 मरीजों की मौत हो गई थी। महालिंग ने स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवा और लोक निर्माण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

> *ओड़ीशा* के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने रविवार को संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन उपकरण चालू हालत में हों। बैठक में चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए।
>
> *मंत्री* का यह निर्देश 16 मार्च को कटक के एससीबी मेडिकल कालेज और अस्पताल के 'ट्रामा केयर आइसीयू' में आग की घटना के बाद आया है, जिसमें 12 मरीजों की मौत हो गई थी। महालिंग ने स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवा और लोक निर्माण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी और मेडिकल कालेजों और अस्पतालों के प्रमुख भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में विभिन्न मेडिकल कालेजों, जिला मुख्यालय अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

उन्होंने कहा कि मरीजों और आम जनता की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन किया जाए और नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए।


**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA. INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE EMERGE PLATFORM OF THE NSE LIMITED IN COMPLIANCE WITH THE CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS").**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

*(Please scan this QR code to view DRHP)*

SpectraA TECHNOLOGY SOLUTIONS LIMITED

**SPECTRAA TECHNOLOGY SOLUTIONS LIMITED**

*(Formerly Known as SpectraA Technology Solutions Private Limited)*

**CIN: U74999KA2009PLC048905**

Our Company was incorporated as a Private Limited Company in the name 'SpectraA Technology Solutions Private Limited', under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation dated January 20, 2009, issued by the Registrar of Companies, Karnataka. Subsequently, pursuant to a special resolution passed by the shareholders of our company in the Extra-Ordinary General Meeting held on January 13, 2021, our Company was converted from a Private Limited Company to Public Limited Company and consequently, the name of our Company was changed to 'SpectraA Technology Solutions Limited' and a Fresh Certificate of Incorporation consequent to Conversion was issued on February 01, 2021, by the Registrar of Companies, Bangalore. The Corporate Identification Number of the Company is U74999KA2009PLC048905

**Registered Office:** 17/7 Ali Asker Road, Cunningham Rd, Bangalore G.P.O, Bangalore North, Karnataka, India, 560001;
**Contact Person:** Mona Poddar, Company Secretary and Compliance Officer; **E-mail:** cs@spectraa.com ; **Tel:** +91 80 41150466; **Website:** www.spectraa.com

**OUR PROMOTERS: A L ARUN KUMAR, SAILAJA ARUN KUMAR, PRAVEEN KUMAR APPUKUTTAN NAIR LEELA AND DIVYA PRAVEEN**

**DETAILS OF THE OFFER**

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 34,76,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH OF SPECTRAA TECHNOLOGY SOLUTIONS LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT AN OFFER PRICE OF ₹ [•]/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•]/- PER EQUITY SHARE (THE "OFFER PRICE") COMPRISING OF A FRESH ISSUE OF UPTO 27,84,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UPTO 6,92,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH COMPRISING OF UPTO 3,46,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH BY A L ARUN KUMAR AND UPTO 3,46,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH BY SAILAJA ARUN KUMAR ("THE SELLING SHAREHOLDERS OR "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS") ("OFFER FOR SALE") AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS, OF WHICH [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH FOR AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE OFFER (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC OFFER LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. NET OFFER OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH AGGREGATING TO ₹ [•] LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE PUBLIC OFFER AND THE NET OFFER WILL CONSTITUTE UPTO [•] % AND [•] %, RESPECTIVELY, OF THE POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹ 10/- EACH.**

**THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE TWO AND THE PRICE BAND WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGER AND WILL BE ADVERTISED IN ALL EDITIONS OF [•] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER), ALL EDITIONS OF [•] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND EDITIONS OF [•] KANNADA DAILY NEWSPAPER (KANNADA BEING REGIONAL LANGUAGE OF KARNATAKA, WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED) EACH WITH WIDE CIRCULATION, AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE EMERGE PLATFORM OF THE NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE EMERGE") FOR THE PURPOSES OF UPLOADING ON ITS WEBSITE IN ACCORDANCE WITH THE SEBI ICDR REGULATIONS. FOR FURTHER DETAILS KINDLY REFER TO CHAPTER TITLED *"TERMS OF THE OFFER"* BEGINNING ON PAGE NO. 326 OF THIS DRAFT RED HERRING PROSPECTUS.**

IIn case of any revision in the Price Band, the Bid/Offer Period will be extended by at least 3 (three) additional Working Days after such revision in the Price Band, subject to the Bid/ Offer Period not exceeding 10 (Ten)Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company may, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/Offer Period for a minimum of 1 (One) Working Day, subject to the Bid/Offer Period not exceeding 10 (Ten) Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/Offer Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchange, by issuing a press release, and also by indicating the change on the respective websites of the BRLM and at the terminals of the members of the Syndicate and by intimation to Designated Intermediaries and the Sponsor Bank, as applicable.

The offer is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Offer shall be allocated on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), provided that our Company may, in consultation with the Book Running Lead Manager, allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"), of which forty per cent of the anchor investor portion, shall be reserved as under - (i) 33.33 per cent for domestic mutual funds; and (ii) 6.67 per cent for life insurance companies and pension funds: Any undersubscription in the reserved category specified in clause (ii) above may be allocated to domestic mutual funds. In the event of under-subscription, or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the Net QIB Portion. Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis only to Mutual Funds, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders out of which (a) one-third of such portion shall be reserved for applicants with application size of more than two lots and up to such lots equivalent to not more than ₹10 lakhs; and (b) two third of such portion shall be reserved for applicants with application size of more than ₹10 lakhs provided that the unsubscribed portion in either of such subcategories could have been allocated to applicants in the other sub-category of Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Offer shall be available for allocation to Individual Bidders (who applies for minimum application size) in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily utilize the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of IBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Offer through the ASBA process. For details, see *"Offer Procedure"* beginning on page 346 of the Draft Red Herring Prospectus.

All potential investors shall participate in the Offer through an Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process including through UPI mode (as applicable) by providing details about the bank account which will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("SCSBs") for the same. For details in this regard, specific attention is invited to *"Offer Procedure"* on page no. 346 of this Draft Red Herring Prospectus. A copy of Red Herring Prospectus will be delivered to the Registrar of Companies for filing in accordance with Section 32 of the Companies Act, 2013. Provided further that for the purpose of public issue by an issuer to be listed /listed on SME exchange made in accordance with Chapter IX of these regulations, the words "retail individual investors" shall be read as words "individual investors who applies for Minimum Application Size".

In relation to above, the DRHP filed with NSE shall be made available to the public for comments, if any, for a period of atleast 21 days, from the date mentioned below by hosting it on the respective websites of the Stock Exchange i.e., NSE at www.nseindia.com , website of the Company at www.spectraa.com and the websites of the Book Running Lead Manager ("BRLM") to the Offer at www.indcap.in.

Our Company hereby invites the members of the public to give comments on the DRHP filed with NSE with respect to disclosures made in the DRHP. The members of the public are requested to send a copy of their comments to NSE and/or to the Company Secretary and Compliance Officer (cs@spectraa.com) of our Company and/or the BRLM to the Offer at their respective address mentioned herein below in relation to the Offer on or before 5:00 p.m. on the 21st day, i.e. 21 days from the date of filing of "Offer Document" With Emerge Platform Of the National Stock Exchange Of India Limited (NSE EMERGE).

Investments in Equity and Equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Offer including the risks involved. The Equity Shares offered in the issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the Draft Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited of the section titled *"Risk Factors"* beginning on page No. 27 of this Draft Red Herring Prospectus.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after the Red Herring Prospectus (RHP) has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such RHP as there may be material changes in the RHP from the Draft Red Herring Prospectus.

The Equity Shares, when Issued, through the RHP, are proposed to be listed on the EMERGE Platform of the National Stock Exchange of India Limited (NSE EMERGE)

For details of the main objects of our Company as contained in its Memorandum of Association, see "*History and Certain Other Corporate Matters*" on page 203 of the DRHP. The liability of the members of our Company is limited. For details of the share capital, capital structure of our Company, the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares of our Company subscribed by them of our Company, please see "*Capital Structure*" beginning on page 94 of the DRHP.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE OFFER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| Indcap Advisors<br>**Indcap Advisors Private Limited**<br>**Address:** Suite# 1201, 12th Floor, Aurora Waterfront, GN 34/1, Sector V, Salt Lake City, Kolkata 700091, West Bengal, India<br>**Telephone:** 033-4069 8001<br>**Email:** smeipo@indcap.in<br>**Investor grievance email:** investors@indcap.in<br>**Website:** www.indcap.in<br>**Contact Person:** Shraddha Khanna<br>**SEBI registration number:** INM000013031 | **Maashitla Securities Private Limited**<br>**Address:** 451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034<br>**Telephone:** 011-47581432<br>**E-mail:** investor.ipo@maashitla.com<br>**Investor grievance:** investor.ipo@maashitla.com<br>**Contact Person:** Mr. Mukul Agrawal<br>**Website:** www.maashitla.com<br>**SEBI Registration Number:** INR000004370<br>**CIN:** U67100DL2010PTC208725 |

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Draft Red Herring Prospectus.

**On behalf of Board of Directors**
**FOR SPECTRAA TECHNOLOGY SOLUTIONS LIMITED**
**Sd/-**
**Mr. A L Arun Kumar**
**Designation: Managing Director**

**Date: March 23, 2026**
**Place: Bengaluru**

**SPECTRAA TECHNOLOGY SOLUTIONS LIMITED** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the DRHP dated March 20, 2026 with NSE on March 21, 2026. The DRHP shall be available on the website of the NSE at www.nseindia.com and is available on website of the Company i.e. www.spectraa.com, website of the BRLM to the Offer, Indcap Advisors Private Limited at www.indcap.in. Potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risks, please see the section entitled 'Risk Factors" on page 27 of the DRHP and the details as may be set out in the RHP, when filed. Potential investors should not rely on the DRHP for making any investment decision.
This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States, and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the U.S. Securities Act of 1933 or an exemption from registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the Company and that will contain detailed information about the Company and management, as well as financial statements. However, the securities described in this announcement are not being offered or sold in the United States